स्वच्छता कार्यक्रम

सदनलाल सांवलदास खन्ना महिला महाविद्यालय की विस्तार कार्य योजना के अन्तर्गत छात्राओं द्वारा करैली स्थित राजकीय कुष्ठ आश्रम में शिक्षकों एवं छात्राओं द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अन्तर्गत कुष्ठ आश्रम के परिसर को स्वच्छ करने के साथ–साथ कुष्ठ रोगियों को भी स्वच्छता स्वास्थ्य के लिए कैसे लाभप्रद है, विषय की जानकारी भी प्रदान की गयी। इस अवसर पर छात्रा अमन जोत बी.ए. द्वितीय वर्ष ने स्वच्छता सम्बन्धी जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय की आरती पाल, पुजा ओझा, निहारिका केशवरवानी, अनुराधा द्विवेदी, अंतिमा श्रीवास्तव, निकिता वर्मा, तान्या कुमारी, जागृति कुमारी, कविता शालिनी, वर्षा कुमारी, सुस्मिता, मान्या श्रीवास्तव, अमन जोत कौर, यशी पाठक, ने कुष्ठ आश्रम के परिसर में झाडू लगाकर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. लालिमा सिंह, IQAC समन्वयक डॉ. रीता चौहान, डॉ. अर्चना त्रिपाठी, डॉ. ज्योति कपूर, डॉ. नीरजा सचदेव डॉ. रितू जयसवाल आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।